**129** **322 (EX)**

# 2022
# भूगोल
## (Geography)

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**नोट :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**Note:**

(i) First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक बहु-विकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या 9 से 16 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 20 शब्दों में, प्रश्न संख्या 17 से 22 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में और प्रश्न संख्या 23 तथा 24 विस्तृत उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए। प्रश्न संख्या 25 एवं 26 मानचित्र कार्य से सम्बन्धित हैं।

(iii) सभी प्रश्नों के लिये निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(iv) उपयुक्त रेखा-मानचित्रों एवं आरेखों द्वारा अपने उत्तरों की पुष्टि कीजिए।

**Instructions:**

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question Nos. 1 to 8 are Multiple Choice Type. Question Nos. 9 to 16 are Very Short Answer Type to be answered in about 20 words each. Question Nos. 17 to 22 are Short Answer Type to be answered in about 50 words each and Question Nos. 23 and 24 are Long Answer Type to be answered in about 150 words each. Question Nos. 25 and 26 are map related questions.

(iii) Marks allotted to all the questions are mentioned against them.

(iv) Illustrate your answers with suitable sketch maps and diagrams.

## [बहु-विकल्पीय प्रश्न]
## [Multiple Choice Type Questions]
**निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :**

1. निम्नलिखित में से कौन सा एक मानव भूगोल का उपागम नहीं है ? **1**

(अ) क्षेत्रीय विभिन्नता

(ब) स्थानिक संगठन

(स) मात्रात्मक क्रान्ति

(द) अन्वेषण और वर्णन।

2. निम्नलिखित में से किस महाद्वीप में सर्वाधिक जनसंख्या निवास करती है ? **1**

(अ) अफ्रीका

(ब) एशिया

(स) उत्तर अमेरिका

(द) दक्षिण अमेरिका।

3. निम्नलिखित में से कौन सी जनसंख्या के कार्यशील आयु-वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है ? **1**

(अ) 15 से 65 वर्ष

(ब) 15 से 66 वर्ष

(स) 15 से 64 वर्ष

(द) 15 से 59 वर्ष।

4. निम्न में किस प्रकार की कृषि खट्टे रसदार फलों की कृषि के लिए जानी जाती है ? **1**

(अ) बाजारीय सब्जी कृषि

(ब) रोपण कृषि

(स) भूमध्यसागरीय कृषि

(द) सहकारी कृषि

5. निम्नलिखित राज्यों में से किस एक में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है ? **1**

(अ) पश्चिम बंगाल

(ब) केरल

(स) उत्तर प्रदेश

(द) पंजाब।

6. शुष्क कृषि में कौन सी फसल नहीं बोई जाती है ? **1**

(अ) रागी

(ब) ज्वार

(स) मूँगफली

(द) गन्ना।

7. निम्नलिखित नगरों में से कौन सा एक पर्यटन नगर है ? **1**

(अ) मथुरा

(ब) पंचमढ़ी

(स) रुड़की

(द) रानीगंज।

8. निम्नलिखित में से कौन सा हुगली औद्योगिक प्रदेश का केन्द्र है ? **1**

(अ) कोलकाता-हावड़ा

(ब) कोलकाता-रिशरा

(स) कोलकाता मेदिनीपुर

(द) कोलकाता-कोत्रगर।

## [अति लघु उत्तरीय प्रश्न]

9. मानव भूगोल के विषय क्षेत्र की व्याख्या कीजिए। **2**

10. जनसंख्या घनत्व की व्याख्या कीजिए। **2**

11. मानव विकास के चार प्रमुख घटकों के नाम लिखिए। **2**

12. फुटकर व्यापार सेवा को स्पष्ट कीजिए। **2**

13. मानव विकास सूचकांक (HDI) को स्पष्ट कीजिए। **2**

14. पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम का वर्णन कीजिए। **2**

15. भरमौर जनजातीय क्षेत्र में समन्वित जनजातीय विकास कार्यक्रम (ITDP) के सामाजिक लाभ क्या हैं ? **2**

16. निवल बोया गया क्षेत्र तथा सकल बोया गया क्षेत्र में विभेद कीजिए। **2**

## [लघु उत्तरीय प्रश्न]

17. मानव भूगोल के कुछ उप-क्षेत्रों का वर्णन कीजिए। **4**

18. बड़े पैमाने पर डेरी कृषि का विकास यातायात के साधनों एवं प्रशीतकों के विकास का ही प्रतिफल है। कैसे ? **4**

19. प्राथमिक एवं द्वितीयक आर्थिक क्रिया कलापों में विभेद कीजिए। **4**

20. भारत में ग्रामीण से नगरीय क्षेत्रों में होने वाले प्रवास के कारणों का उल्लेख कीजिए। **4**

21. मानव विकास के उपागमों का उल्लेख कीजिए। **4**

22. लौह-इस्पात उद्योग किसी देश के औद्योगिक विकास का आधार है। विवेचना कीजिए। **4**

**[विस्तृत उत्तरीय प्रश्न]**

23. भारत में जनसंख्या के घनत्व के स्थानिक वितरण की विवेचना कीजिए। **6**

**अथवा / OR**

ग्रामीण एवं नगरीय बस्तियों में विभेद कीजिए तथा उनकी प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए। **6**

24. आप उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण से क्या समझते हैं ? इन्होंने भारत के औद्योगिक विकास में किस प्रकार से सहायता की है ? **6**

**अथवा / OR**

भारत में अन्तरराष्ट्रीय प्रवास के कारणों एवं परिणामों की विवेचना कीजिए। **6**

**[मानचित्र कार्य]**

25. भारत के दिए गए मानचित्र में उपयुक्त चिह्नों द्वारा निम्नलिखित को दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए : **5**

(i) सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य को चिह्न द्वारा दर्शाइए तथा नाम भी लिखिए। **1**

(ii) सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य को चिह्न द्वारा दर्शाइए तथा नाम भी लिखिए। **1**

(iii) लौह-इस्पात उद्योग के एक प्रमुख संयंत्र केन्द्र को चिह्न द्वारा दर्शाइए तथा नाम भी लिखिए। **1**

(iv) सर्वाधिक मानव विकास सूचकांक वाले राज्य को चिह्न द्वारा दर्शाइए तथा नाम भी लिखिए। **1**

(v) ओडिशा राज्य के एक प्रमुख समुद्री-पत्तन को चिह्न द्वारा दर्शाइए तथा नाम भी लिखिए। **1**

**[केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर]**

(i) सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य का नाम लिखिए। **1**

(ii) सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए। **1**

(iii) लौह-इस्पात उद्योग के एक प्रमुख संयंत्र केन्द्र का नाम लिखिए। **1**

(iv) सर्वाधिक मानव विकास सूचकांक वाले राज्य का नाम लिखिए। **1**

(v) ओडिशा राज्य के एक प्रमुख समुद्री पत्तन (बन्दरगाह) का नाम लिखिए। **1**

26. संसार के दिए गए रेखा-मानचित्र में उपयुक्त चिह्नों द्वारा निम्नलिखित को दर्शाइए एवं उनके नाम भी लिखिए : **5**

(i) संसार में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश को चिह्न द्वारा दर्शाइए तथा नाम भी लिखिए। **1**

(ii) जापान की राजधानी को चिह्न द्वारा दर्शाइए तथा नाम भी लिखिए। **1**

(iii) अरब सागर में गिरने वाली भारत की एक प्रमुख नदी को चिह्न द्वारा दर्शाइए तथा उसका नाम भी लिखिए। **1**

(iv) दक्षिण अमेरिका के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश को चिह्न द्वारा दर्शाइए तथा उसका नाम भी लिखिए। **1**

(v) संसार में सर्वाधिक मानव विकास सूचकांक वाले देश को चिह्न द्वारा दर्शाइए तथा उसका नाम भी लिखिए। **1**

endenumerate